# Rajkiya Mahila Snatkottar Mahavidyalaya, Ghazipur

## College in News

**25.01.2023**

# स्थापना दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

## विभिन्न.विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी

संवाद न्यूज एजेंसी

गाजीपुर। शहर के रायफल क्लब परिसर में मंगलवार को उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बलिया सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त एवं जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्जवलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रदर्शनी जनपद में 24 से 26 जनवरी आयोजित रहेगी।

उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत स्कूली बच्चियों द्वारा स्वागत गीत गाकर किया गया। समारोह में विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर में परिसर में सलटूराम एवं उनकी टीम द्वारा धोबऊ नृत्य से सबका मन मोह लिया। सभागार में लखनऊ से मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर किए गए संबोधन का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया।

कार्यक्रम में जनपद के साहित्यकारों, कवियों, खिलाड़ियों, आंगनबाड़ी, सफाईकर्मी, आशा, स्वयं सेवा समूह की महिलाओं एवं विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने बलिया सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त कहा कि जो अपने अतीत की श्रेष्ठता को स्मरण एवं सम्मानित नहीं करता उसका इतिहास भविष्य में मिट जाता है।

उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास की श्रेष्ठता गाजीपुर की देशी विरासत से संबंद्ध है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से अपील किया कि जनपद में जहा भी इस तरह की देशी विरासत है उसे और भी विकसित करें। गाजीपुर पूरी तरह कृषि प्रधान जनपद है। उद्योगों को कृषि उत्पादन से जोड़ने का काम किया जाए। जिससे बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध होगा।




सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विजेता को सम्मानित करते प्रोफेसर उमाशंकर प्रसाद, प्रोफेसर अनिता कुमारी। संवाद

जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि 24 जनवरी 1950 को हमारा राज्य उत्तर प्रदेश आगरा और अवध के प्रांतो को जोड़कर गठित किया गया था। कहा कि इसी धरती से वीर अब्दुल हमीद, रामउग्रह पांडेय जैसे वीर सपूतों ने जन्म लिया।

एसपी ओमवीर सिंह कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबल के लिए पुलिस विभाग भी अन्य विभागों के साथ सामन्जस्य स्थापित कर लगातार महिला सशक्तिकरण, उनके सुरक्षा एवं उनके सम्मान को संरक्षित रखने के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने दस गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं दस बच्चों का अन्नप्राशन किया।

इस दौरान कई विभगों की ओर से प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत सपना सिंह, पूर्व नपा अध्यक्ष सरिता अग्रवाल एवं समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार एवं कार्यक्रम सहायक सुभाष चंद्र प्रसाद ने किया।

# सलाद सजा देखकर मन ललचाया

गाजीपुर। गृह विज्ञान परिषद के अंतर्गत 'सलाद सज्जा प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इसमें बीए-बीएससी प्रथम सेमेस्टर, तृतीय सेमेस्टर और बीए-बीएससी तृतीय वर्ष की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्राओं ने विभिन्न थीम पर सलाद सज्जा की। महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षिका प्रो. सविता भारद्वाज ने छात्राओं को खूब सराहा एवं भविष्य में और भी अच्छा करने के लिए शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में चित्रकला विभाग के प्रो. उमाशंकर प्रसाद एवं गृह विज्ञान की डॉ. शिखा सिंह रहीं। प्रतियोगिता में पहले स्थान पर बीए की विद्या जायसवाल एवं रोशनी संयुक्त रूप से रहीं। बीएससी प्रथम सेमेस्टर की तनु दूसरे एवं तीसरे स्थान पर इन्नमा हसन रहीं। संवाद

Rajkiya Mahila Snatakottar Mah

न्यूज डायरी

## छात्राओं ने प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग

गाजीपुर। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल परिषद की ओर से उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता तथा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डिजिटल माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में 150 से अधिक छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें गायत्री चौरसिया, श्रेया गुप्ता, विजेता एवं रोशनी ने संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि समरा फिरदौस एवं सैयद बुशरा अली को दूसरा स्थान मिला। संवाद

## नहर टूटने से फसल जलमग्न

Rajkiya Mahila Snatakottar Mahavi



मतदान में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्हें न केवल अपना वोट देने जाना है, अपितु स्वयंसेवी के रूप में अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए बूथ पर ले जाने की नागरिक जिम्मेदारी का वहन करना है। जनपद में युवा व महिला मतदाता का मतदान प्रतिशत कम है, इस कमी को इस वर्ष होने वाले स्थानीय निकाय के चुनाव में मतदान कर दूर करना है।

**–प्रोफेसर डा. सविता भारद्वाज,**
**प्राचार्य, राजकीय महिला पीजी कालेज,**
**गाजीपुर।**

